जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

साप्ताहिक

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965

# हमारा वतन


देश का अपना अखबार

संस्थापित 1965

ہمارا وطن ہفت روزہ

www.hamarawatan.com

FOLLOW US:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | Hamarawatan



संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक
स्व. श्री बाबू लाल सैनी



सम्पादक
राम गोपाल सैनी

वर्ष- 62 अंक-26 जयपुर, सोमवार, 13 जुलाई, 2026 वार्षिक शुल्क 200 रुपये (एक प्रति 4 रु.) पृष्ठ संख्या 4

# मुख्यमंत्री का केकड़ी दौराः लगभग 880 करोड़ के कार्यों का किया शिलान्यास-लोकार्पण

## ➡ विकास की नई उड़ान भर रहा राजस्थान

**जयपुर (हमारा वतन)**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने और अगली पीढ़ी के लिए मजबूत बुनियादी ढांचे के निर्माण को लेकर प्रतिबद्ध हैं। हमारी डबल इंजन सरकार धरातल पर काम कर आमजन के जीवन को सुगम बना रही है। रोडमैप बनाकर पानी, बिजली, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार पर उल्लेखनीय कार्य किए जा रहे हैं, जिसका असर धरातल पर दिख रहा है।




मुख्यमंत्री शनिवार को अजमेर के केकड़ी में आयोजित लोकार्पण एवं शिलान्यास समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पिछले ढाई वर्षों में प्रदेश में 33 हजार करोड़ रुपये से अधिक की लागत से लगभग 49 हजार किलोमीटर लंबी सड़कों का विकास करवाया गया है। साथ ही, 18 हजार किलोमीटर लंबी नई सड़कों का निर्माण हुआ है। इसके अलावा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 3 हजार किलोमीटर से अधिक लंबी सड़कों के उन्नयन, सुदृढ़ीकरण और नवीनीकरण के कार्य हुए हैं।

वहीं, रेल नेटवर्क को विकसित करने के साथ ही नए एयरपोर्ट्स के जरिये प्रदेश विकास की नई उड़ान भर रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में चार प्रमुख जातियों किसान, मजदूर, महिला और युवा का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो रहा है। प्रदेश में किसान सम्मान निधि की राशि को 6 हजार से बढ़ाकर 9 हजार रुपये किया, जिसे आने वाले समय में 12 हजार रुपये प्रतिवर्ष किया जाएगा। वहीं, किसानों को दिन में बिजली उपलब्ध करवाने के साथ ही बिलों में अनुदान दे रहे है। उन्होंने कहा कि राजस्थान सहकारी गोपाल क्रेडिट कार्ड ऋण योजना के जरिये पशुपालकों को 1 लाख रुपये तक का ब्याज मुक्त ऋण मिल रहा है। इसी प्रकार मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना के माध्यम से 22 लाख से अधिक बीमा पॉलिसी की जा चुकी हैं।

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि डबल इंजन सरकार के कार्यों से प्रदेश विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने और समाज के सभी वर्गों के विकास के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा लगातार कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राजस्थान रिफाइनरी जैसे विश्व स्तरीय प्रोजेक्ट का लोकार्पण विकास की इसी सकारात्मक सोच का परिणाम है।

## देहरादून में साक्षरता मिशन एवं प्राधिकरण द्वारा सम्मानित हुई गंगा देवी

**देहरादून (हमारा वतन)।** बाल विकास विभाग, लक्सर में कार्यरत सुपरवाइज़र गंगा देवी ने बाल विवाह निषेध एवं बाल विवाह मुक्त पोर्टल का दो दिवसीय प्रशिक्षण डॉ. आर. एस. टोलिया उत्तराखण्ड प्रशासनिक अकादमी, नैनीताल (उत्तराखण्ड) से प्राप्त किया। इस अवसर पर सुपरवाइज़र गंगा देवी को डॉ. आर. एस. टोलिया अकादमी के निदेशक बी. पी. पाण्डे (आई.ए.एस.) एवं डॉ. नवीदा खातून द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।



जनपद हरिद्वार से केवल गंगा देवी (सुपरवाइज़र) ने ही यह प्रशिक्षण प्राप्त किया। इससे पूर्व उन्होंने भारत सरकार के मानव संसाधन मंत्रालय, बाल विकास विभाग दिल्ली से राष्ट्रीय पोषण अभियान का प्रशिक्षण प्राप्त किया था।

उन्होंने सर्व शिक्षा अभियान, बालिका शिक्षा एवं राष्ट्रीय साक्षरता मिशन (भारत सरकार) द्वारा संदर्भ महिला और मुख्य प्रशिक्षक के रूप में प्रशिक्षण प्राप्त किया।

साक्षरता की अलख जगाने में महारत हासिल करने के कारण गंगा देवी को उत्तराखण्ड शासन द्वारा देहरादून में साक्षरता मिशन एवं प्राधिकरण द्वारा सम्मानित किया गया। इसके साथ ही, उन्हें दिल्ली एवं महाराष्ट्र द्वारा क्रान्ति की योति सावित्रीबाई फुले सम्मान से भी सम्मानित किया गया।

## सादगी से मनाया समाजसेवी मालीराम यादव का जन्मदिन

**जयपुर (हमारा वतन)।** शहीद लूणकरण विद्यालय, मोरीजा में आज समाज सेवी मालीराम यादव का जन्मदिन बेहद सादगी और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर किसी भी प्रकार के तड़क-भड़क वाले आयोजन के बजाय सामाजिक और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के नन्हे-मुन्ने बचों का लड्डू खिलाकर मुंह मीठा करवाया गया, जिससे बचों के चेहरों पर मुस्कान बिखर गई।



इसके पश्चात पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए विद्यालय के खेल मैदान में मुख्य अतिथि और गणमान्य प्रबुद्धजनों द्वारा कदम का पौधा रोपा गया।

मालीराम यादव ने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं। जन्मदिन जैसे विशेष अवसरों पर फिजूलखर्ची करने के बजाय यदि हम एक पौधा लगाएं और बच्चों के बीच खुशियां बांटें, तो इससे समाज को एक सकारात्मक संदेश जाता है।

इस सादगीपूर्ण और प्रेरणादायक आयोजन के लिए विद्यालय प्रशासन और स्थानीय ग्रामीणों ने मालीराम यादव की सराहना की तथा उन्हें दीर्घायु व उत्तम स्वास्थ्य की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान विद्यालय का स्टाफ, स्थानीय ग्रामीण और बड़ी संख्या में स्कूली बचे उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री मोदी ने 'किआ ओरा' इवेंट को बताया यादगार

**न्यूजीलैंड (हमारा वतन)**

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऑकलैंड में मिले प्यार और सम्मान के लिए प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन और प्रवासी भारतीय समुदाय का आभार जताया है। शनिवार को स्पार्क एरिना में हुए कार्यक्रम के दौरान जुटे अपार जन समुदाय के उत्साह को पीएम मोदी ने यादगार अनुभव करार दिया।

पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर किआ ओरा मोदी इवेंट में जुटे भारतीय प्रवासियों की खुशी को बयां करते हुए लिखा, न्यूजीलैंड में मौजूद भारतीय समुदाय हमारी मित्रता के मजबूत स्तंभ हैं और इन्हें संबोधित करना मेरे लिए यादगार रहा। इसकी कुछ झलकियां साझा करते हुए प्रधानमंत्री ने आगे लिखा, खुश हूं कि मेरे दोस्त क्रिस्टोफर लक्सन भी मेरे साथ इस कार्यक्रम का हिस्सा बने। उनकी मौजूदगी ने जता दिया कि भारत और भारतीय समुदाय के प्रति कितनी आत्मीयता है।

कार्यक्रम में 10 हजार से अधिक भारतीय प्रवासी शामिल हुए। न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन भी विशेष रूप से इस आयोजन में पहुंचे। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन की शुरुआत प्रधानमंत्री लक्सन की उपस्थिति और भारत-न्यूजीलैंड साझेदारी के लिए उनके समर्थन के लिए धन्यवाद देकर की।

प्रधानमंत्री मोदी ने भारतीय समुदाय की कड़ी मेहनत, संकल्प और समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि भारत और न्यूजीलैंड के संबंधों में यादें, मित्रता, मूल्य और प्रतिबद्धता शामिल हैं।



उन्होंने न्यूजीलैंड की माओरी संस्कृति के शब्द 'वाका' (माओरी नाव/डोंगी) का उल्लेख करते हुए कहा कि यह दोनों देशों के संबंधों को परिभाषित करता है। उन्होंने कहा, वाका हमारी साझा सफर की प्रतीक है। आज भारत-न्यूजीलैंड की यही वाका एक नई यात्रा पर निकलने के लिए तैयार है। हमारे सामने अवसरों से भरा खुला समुद्र है। हवाएं हमारे साथ हैं, समंदर की विशाल लहरें हमारे साथ हैं और इच्छाशक्ति का नीला आसमान हमारे साथ है। पाने को काफी कुछ है; हम सफल होंगे।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2026 दोनों देशों के बीच खेल सहयोग के 100 वर्ष पूरे होने का अवसर है और दोनों देश खेल संबंधों को और मजबूत करने के इच्छुक हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने भारतीय समुदाय से भारत और न्यूजीलैंड के बीच मित्रता, विश्वास और सहयोग के पुल के रूप में अपनी भूमिका जारी रखने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि दोनों देशों की रणनीतिक साझेदारी की पूरी क्षमता को हासिल करने में समुदाय की महत्वपूर्ण भूमिका है।

# IMA राजस्थान की नई राज्य कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण एवं डॉक्टर्स डे सम्मान समारोह हुआ आयोजित

**जयपुर (हमारा वतन)**

इंडियन मेडिकल एसोसिएशन राजस्थान द्वारा IMA Pride 2026 – Installation & Doctor s Day Award Ceremony का भव्य एवं गरिमामय आयोजन एसएमएस मेडिकल कॉलेज, न्यू एकेडमिक ब्लॉक ऑडिटोरियम, जयपुर में किया गया।

समारोह में राजस्थान सरकार के कैबिनेट मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में राजस्थान के सभी जिलों से बड़ी संख्या में वरिष्ठ, युवा एवं महिला चिकित्सकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

समारोह में IMA राजस्थान की नवगठित राज्य कार्यकारिणी को मुख्य अतिथि द्वारा शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर डॉ. महेश शर्मा (राज्य अध्यक्ष), डॉ. एन. के. अग्रवाल (मानद राज्य सचिव), डॉ. आनंद गुप्ता (प्रेसिडेंट-इलेक्ट), डॉ. अखिल अग्रवाल (कोषाध्यक्ष), डॉ. अनुराग शर्मा (जोनल सेक्रेटरी) सहित समस्त राज्य कार्यकारिणी ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ग्रहण की।



मानद राज्य सचिव डॉ. एन. के. अग्रवाल ने IMA राजस्थान की गतिविधियों एवं संगठन की प्राथमिकताओं पर प्रकाश डालते हुए प्रदेश के चिकित्सकों की प्रमुख समस्याओं को सरकार के समक्ष रखा। उन्होंने विशेष रूप से अस्पतालों एवं चिकित्सकों पर बढ़ती हिंसा और तोड़फोड़ की घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट को और अधिक प्रभावी बनाने, अस्पतालों के बाहर अवैधानिक धरना-प्रदर्शन एवं अवरोध पर कानून का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने की मांग की।

इसके अतिरिक्त उन्होंने मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य (MAA) योजना एवं RGHS में लंबित भुगतान का शीघ्र निस्तारण, उपचार पैकेज दरों में यथोचित वृद्धि, बायो-मेडिकल वेस्ट प्रबंधन व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने तथा पुराने अस्पतालों की भूमि एवं भवनों के रूपांतरण संबंधी समस्याओं के समाधान सहित अन्य महत्वपूर्ण मांगें भी सरकार के समक्ष रखीं।

समारोह के दौरान चिकित्सा सेवा, सामाजिक योगदान एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले अनेक चिकित्सकों को डॉक्टर्स डे सम्मान से अलंकृत किया गया। कार्यक्रम में पूरे प्रदेश से आए चिकित्सकों ने संगठन की एकता एवं चिकित्सा सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यक्रम का प्रभावी संचालन डॉ. अनुराग शर्मा एवं बजरंग सोनी ने किया तथा अंत में सभी अतिथियों एवं उपस्थित चिकित्सकों का आभार व्यक्त किया गया।

## मेह नै तरसतो किसान

लूम-झूम कर चाल्या बादळ
दियौ झूठौ आलरो।
घणी उमेदां बांध रखी थी,
टूट गयो सब आसरो।
जांण कणां सूं नैण बिछाया,
थाक ग्या रैण-दिवाळ रो।
एक बूंद भी धरती माथै,
नांई पड्यो परछाळ रो।
फाटी छाती धरती मायड़,
सूख ग्या खेत-खळ्याण।
बाजरो, मोठ अर मूंग झुरावै,
टूट ग्या सब अरमान।
नाड़ी सूणी, जोहड़ सूणा,
सूणा पड्या तळाव।
कूवां-बावड़ हांफण लाग्या,
मिट गयो मन रो चाव।
ढोर-डांगर डगरां भटकै,
चारो मिलै न छांय।
बाछड़-बाछड़ी भूखा रंभै,
देखत रोवै माय।
घर री चूल्ही ठंडी पड़गी,
खाली भया भंडार।
छोरा पूछै– बापू, कद आवै,
मेहड़ो री झमकार।
काळज्यो रोवै चुप-चुप बैठो,
कांई करै लाचार।
मेह बिना म्हारो जीणो दूभर,
सूणो लागै संसार।
हाथ जोड़ अरदास करूं म्हैं,
सुणजो इंदरराय।
एक घड़ी किरपा बरसाद्यो,
जीवै धरती माय।



महेन्द्र सिंह कटारिया,
नीमकाथाना, राजस्थान

## श्याम वस्त्रम् का हुआ भव्य शुभारंभ, पहले ही दिन उमड़ी ग्राहकों की भीड़

**धवली (हमारा वतन)।** धवली निवासियों के लिए कपड़ों की खरीदारी का एक नया और बेहतरीन ठिकाना शुरू हो गया है। जी हाँ ! अजीतगढ़ रोड धवली (आमलोदा) स्थित नए वस्त्र प्रतिष्ठान श्याम वस्त्रम् का भव्य शुभारंभ हो गया है।



प्रतिष्ठान के संचालक श्याम सैनी ने बताया कि क्षेत्रवासियों के सहयोग और आशीर्वाद से शुरू हो रहे इस नए शोरूम में ग्राहकों को एक ही छत के नीचे बेहतरीन क्वालिटी का हर तरह का कपड़ा उचित मूल्य पर उपलब्ध होगा ।

श्याम वस्त्रम् के शुभारंभ के उपलक्ष्य में ओपनिंग के पहले दिन खरीदारी करने वाले सभी ग्राहकों को विशेष डिस्काउंट भी दिया गया । यहाँ बच्चों की स्कूल यूनिफॉर्म का कपड़ा विशेष रूप से उपलब्ध है। शोरूम में सूटिंग-शर्टिंग, साड़ी, ड्रेस मटेरियल, कॉटन कपड़ा, लहंगा, ब्लाउज पीस और सभी प्रकार के फैब्रिक्स की नवीनतम डिज़ाइन्स और बेहतरीन क्वालिटी मौजूद है।



## तारा ज्योतिष साधना केंद्र में हुआ राजस्थान स्टील उपभोक्ता मंच के अध्यक्ष का स्वागत

**जयपुर (हमारा वतन)।** तारा ज्योतिष साधना केंद्र जयपुर कार्यालय में राजस्थान स्टील उपभोक्ता मंच के अध्यक्ष भीम सिंह कासनियां का अंतर्राष्ट्रीय भविष्यवक्ता पंडित रविन्द्राचार्य ने भव्य स्वागत किया। आचार्य ने बाबा श्याम का दुपट्टा,शाल और माला पहनाकर स्वागत किया। साथ ही आशीर्वाद देकर उजवल भविष्य की कामना की। भीम सिंह ने बताया कि वह लगातार जरूरमंदो की सेवा, भारतीय संस्कृति का प्रचार-प्रसार करते रहते हैं। इस दौरान सिविल लाइंस उपाध्यक्ष भवानी शर्मा, करणी सिंह खींची, वेद कस्बा, रतन सोनी, प्रभु बावरी, उमा, सुमन सेन, विष्णु खंडेलवाल आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय अध्यक्ष बजरंग सिंह काचरेड़ा ने किया वसुधा रियल एस्टेट ग्रुप के ऑफिस का उद्घाटन

**जयपुर (हमारा वतन)।** विनायक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष बजरंग सिंह काचरेड़ा ने अजमेर रोड, हीरापुरा जयपुर स्थित वसुधा रियल एस्टेट ग्रुप के ऑफिस का शुभारंभ फीता काटकर किया।

चेयरमैन दिनेश कुमार वशिष्ठ, मैनेजर रामजी लाल यादव और डेवलपर्स तोप सिंह तंवर ने माला और साफा पहनाकर मुख्य अतिथि बजरंग सिंह काचरेड़ा का सम्मान किया। वहीं बजरंग सिंह काचरेड़ा ने विनायक दल के गोल्ड मेडल से चेयरमैन दिनेश कुमार वशिष्ठ और तोप सिंह का सम्मान किया।

इस दौरान डवलपर्स रोहिताश, हनुमान, सुधीर,सीमा यादव, गुड़िया, सुधीर यादव, ग्यारसी लाल और विकास मोहता भी उपस्थित रहे।



राष्ट्रीय अध्यक्ष बजरंग सिंह काचरेड़ा ने जयपुर में रहने वाले प्रॉपर्टी डीलर्स से आह्वान किया कि आप दिए हुए लोगों के एड्रेस पर संपर्क करें।

भगवान से यही प्रार्थना है कि आप ऊंचाई के रास्ते पर अग्रसर हो।

## सावन की बूंदे

रिमझिम रिमझिम सावन की बूंदें आई
चटकी कलियां फूलों की चारो दिशाओं खुशबू महकी
आया सावन झूम कर
बागों में फिर पक्षी आये ओर चिड़ियां चहकी
रिमझिम रिमझिम सावन की बूंदे आई
सावन की यह पहली बारिश
पंछी झूमे हर डाली डाली
बादलों से आए गर्जन डर वाली
डर से भागे मानव बंदर गायें और बिल्ली
आसमान से जब बिजली चमकी
रिमझिम रिमझिम सावन की बूंदे आई
सब हुए दीवाने जब मौसम प्यारा हुआ सुहाना
दिल में दी दस्तक जवां दिल ने और हम हुए बेगाने
बात थी बस घटाओ की और पेड़ों के बहार की
बागों में कलियों की और फूलों में गेंदे और गुलाब की
बीत गया वह मौसम ख्वाबों में आकर
यह देखकर तब आंखें सबकी भर आई
रिमझिम रिमझिम सावन की बूंदे आई
चटकी कलियां खुशबू महकी
रिमझिम रिमझिम सावन की बूंदे आई।



उदयवीर सिंह यादव,जयपुर

सभी खादी संस्थाओं से निवेदन है कि अपनी गतिविधियों की जानकारी प्रकाशित करवाने के लिए हमें जरूर भेजें !
Email-hamarawatan65@gmail.com, whatsapp-9214996258.
Khadi For Nation
खादी भारत
Khadi India
Khadi For Fashion

## जॉब्स

1. राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, पद सीईटी स्नातक, पद संख्या अघोषित, अंतिम तिथि 2 अगस्त 2026
2. राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, पद- सीईटी 10+2, पद संख्या अघोषित, अंतिम तिथि 23 जुलाई 2026
3. इसरो, पद टेक्निकल असिस्टेंट व अन्य, पद संख्या 26, अंतिम तिथि 20 जुलाई 2026
4. यूपीपीएससी, पद पीसीएस, पद संख्या 500, अंतिम तिथि 27 जुलाई 2026
5. रेलवे रिक्रूटमेंट बोर्ड, पद टेक्नीशियन, पद संख्या 6557, अंतिम तिथि 29 जुलाई 2026
6. आईबीपीएस, पद प्रोबेशनरी ऑफिसर/मैनेजमेंट ट्रेनी, पद संख्या 6715, अंतिम तिथि 21 जुलाई 2026
7. डीएसएसएसबी, पद विभिन्न पोस्ट, पद संख्या 1979, अंतिम तिथि 15 जुलाई 2026
8. नेशनल बोर्ड का एग्जामिनेशन इन मेडिकल साइंसेज, पद स्टेनोग्राफर, जूनियर असिस्टेंट व अन्य, पद संख्या 53, अंतिम तिथि 20 जुलाई 2026




# शिवांगी जोशी ने पढ़ी थी कुशल टंडन संग उनकी चैट, 'लॉक अप 2' में श्रेया कालरा ने किया खुलासा

रियलिटी शो लॉक अप सीजन 2 की कंटेस्टेंट श्रेया कालरा ने हाल ही में एक एपिसोड में दावा किया कि एक्ट्रेस और साथी कंटेस्टेंट शिवांगी जोशी ने एक बार उनकी और एक्टर कुशल टंडन की पूरी चैट पढ़ी थी। यह तब हुआ जब कुशल ने उन्हें मैसेज किया था, जबकि वे कथित तौर पर शिवांगी को डेट कर रहे थे। लॉक अप 2 के हालिया एपिसोड में, श्रेया ने साथी कंटेस्टेंट और एक्ट्रेस शिल्पा शिंदे से बात करते हुए यह बात बताई। उस घटना को याद करते हुए श्रेया ने कहा कि वह शिवांगी के एक टीवी शो के लिए प्रमोशनल वीडियो की शूटिंग कर रही थीं, तभी कुशल ने सोशल मीडिया पर उनसे संपर्क किया।श्रेया ने कहा, ÷शूट के बाद उन्होंने मुझे मैसेज किया। उस समय मैं किसी को डेट कर रही थी। उस समय कुशल टंडन और शिवांगी जोशी के बीच कुछ चल रहा था। मुझे इसके बारे में पता नहीं था।उन्होंने आगे आरोप लगाया कि कुशल उन्हें मैसेज करते रहे, लेकिन वह एक कमिटेड रिलेशनशिप में थीं और उन्होंने बातचीत को आगे न बढ़ाने का फैसला किया क्योंकि उन्हें लगा कि बातचीत में कुछ गड़बड़ है।उन्होंने आगे दावा किया, उन्होंने मुझसे बात करना शुरू किया। मुझे कुछ शक हुआ और मैंने बात रोक दी। फिर, शिवांगी और मैं सेट पर मिले और उन्होंने कहा, ओह हाय! हां! उन्होंने मुझे तुम्हारे बारे में बताया था कि तुमने उन्हें फॉलो किया और मैसेज किया। मैंने कहा, एक्सक्यूज मी! मैं किसी आदमी से संपर्क करने वाली पहली इंसान नहीं होऊंगी। मैंने अपनी पूरी जिंदगी में ऐसा कभी नहीं किया है।श्रेया ने कहा कि उन्होंने तुरंत शिवांगी को अपना फोन दे दिया ताकि कोई गलतफहमी हो तो वह दूर हो जाए।



# बारुईपुर केस पर मुनमुन दत्ता ने जताया दुख, बच्ची के लिए मांगा इंसाफ

टीवी एक्ट्रेस मुनमुन दत्ता ने कोलकाता के बारुईपुर में 12 साल की लड़की के रेप और मर्डर केस पर अपना दुख और गुस्सा जाहिर किया। उन्होंने अधिकारियों से अपील की है कि वे इन लोगों को ढूंढें और बच्ची को इंसाफ दिलाएं। मुनमुन दत्ता ने एक पोस्टर शेयर किया, जिस पर लिखा था, बारुईपुर के लिए इंसाफ। कैप्शन में उन्होंने बस इतना लिखा, 12 साल की लड़की, एक छोटी सी बच्ची, जिसका रेप और मर्डर कर दिया गया। इन लोगों को ढूंढो।पश्चिम बंगाल के बारुईपुर इलाके में 5 जुलाई को एक तालाब से 12 साल की लड़की का शव मिला। वह 4 जुलाई से लापता थी।मृतक लड़की के परिवार वालों का आरोप है कि उसके साथ रेप हुआ और फिर उसकी हत्या कर दी गई। हालांकि, पुलिस ने अभी तक इस आरोप की पुष्टि नहीं की है। नाबालिग लड़की के शव का पोस्टमार्टम 5 जुलाई की रात को पूरा हुआ।पुलिस का कहना है कि हत्या की वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेगी। पुलिस के मुताबिक, पोस्टमार्टम रिपोर्ट से यह भी पता चलेगा कि उसके साथ रेप हुआ था या नहीं और रिपोर्ट के आधार पर ही आगे का मामला दर्ज किया जाएगा। बारुईपुर पुलिस जिले ने अपने अधिकार क्षेत्र में आने वाले तीन पुलिस थानों के इलाकों में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू कर दी।निषेधाज्ञा लागू होने के साथ ही, इन तीन पुलिस थानों के इलाकों में एक ही समय और जगह पर पांच या उससे ज्यादा लोगों के इकट्ठा होने पर अगले आदेश तक रोक लगा दी गई है। इलाके में भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। रविवार को बारुईपुर में एक तालाब से नाबालिग लड़की का शव मिलने के बाद तनाव फैल गया था।स्थानीय लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया। आरोप है कि लड़की का हत्यारा होने के शक में एक युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। लेकिन इस बारे में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। एक्ट्रेस की बात करें तो मुनमुन दत्ता ने 2004 में हम सब बाराती से अपने करियर की शुरुआत की थी। एक्ट्रेस पूजा भट्ट की डायरेक्ट की गई फिल्म हॉलिडे में एक छोटे से रोल में नजर आई थीं। डिनो मोरिया, गुलशन ग्रोवर और ओंजोली नायर स्टारर यह फिल्म 1987 की अमेरिकी फिल्म डर्टी डांसिंग का रीमेक है। मुनमुन दत्ता अभी तारक मेहता का उल्टा चश्मा में नजर आ रही हैं, जो चित्रलेखा मैगजीन के लिए तारक मेहता के साप्ताहिक कॉलम दुनिया ने ऊंधा चश्मा पर आधारित है।



# समर्पण संस्था का 12वाँ शिक्षा योगदान महोत्सव सम्पन्न

**जयपुर (हमारा वतन)**

शिक्षा किताबी ज्ञान नहीं है । यह हमारे भीतर समझ पैदा करती है । और अछी समझ से ही हम अछे नागरिक बनते है । शिक्षा से ही अच्छे-बुरे व ग़लत-सही की पहचान कर पाते है । उक्त विचार समर्पण संस्था के 12 वें शिक्षा योगदान महोत्सव में मुख्य अतिथि आईएएस टीकम बोहरा अनजाना ने व्यक्त किये ।

उन्होंने कहा कि जीवन में मंजिल का चुनाव कर उसे हासिल करने के लिए मेहनत जरूरी है । और मेहनत के लिए समय व दिशा जरूरी है । वर्तमान समय में ध्यान भटकाने के लिए सोशल मीडिया एक बीमारी है । समय का ठीक प्रबंधन करें । लक्ष्य चुनें और उसे प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रयास करें ।

इससे पूर्व शिक्षा योगदान महोत्सव की शुरुआत अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ की गई । इसके साथ समर्पण प्रार्थना का उच्चारण कोषाध्यक्ष राम अवतार नागरवाल व सुवज्ञा माल्या ने करवाया । एक डॉक्यूमेंट्री फ़िल्म द्वारा संस्था गतिविधियों की जानकारी दी गई ।

महोत्सव में संस्था द्वारा चयनित कुल 109 जरूरतमंद निर्धन विद्यार्थियों को फ़ीस व शिक्षण सामग्री की राशि सीधे उनके खातों में ट्रांसफर की गई । तथा सभी विद्यार्थियों को समर्पण आदर्श विद्यार्थी का कार्ड दिया गया । इस अवसर पर जरूरतमंद विद्यार्थियों की शिक्षा में सहयोग करने वाले संस्था द्वारा नियुक्त 71 शैक्षिक दूतों को भी सम्मान पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया ।




संस्था के संस्थापक अध्यक्ष आर्किटेक्ट डॉ. दौलत राम माल्या ने अपने स्वागत भाषण में सभी का स्वागत अभिनंदन करते हुए संस्था गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी । डॉ. माल्या ने समर्पण आदर्श विद्यार्थियों को प्रेरणा देते हुए कहा कि जिस कार्य को करने से आपको थकान नहीं होती है समझो वही आपकी इकीगाई या लक्ष्य है । अपने लक्ष्य को पहचान कर फिर उसे बेबी स्टेपस की तरह हासिल करें ।

इस अवसर पर अतिविशिष्ट अतिथि लक्ष्मण मदनानी (पूर्व सदस्य, ज्युडिशियल रेल्वे क्लेम ट्रिब्यूनल), विशेष आमन्त्रित अतिथि अनिल कुमार जैन (पूर्व प्रधान आयकर आयुक्त), हीरेन्द्र शर्मा (निदेशक, राय कृषि प्रबन्ध संस्थान, दुर्गापुरा , जयपुर), एज्युकेशनल ब्रांड एम्बेसेडर विशिष्ट अतिथि डॉ. डी. आर. रेवाला (सेवानिवृत्त आईआरएस) , नरेन्द्र सिंह रावत ( निदेशक, रावत एज्युकेशनल ग्रुप) ने भी अपने विचार व्यक्त किये । महोत्सव में नागौर की नाजिया चुई ने राजस्थानी लोक नृत्य प्रस्तुत किया । उत्तर प्रदेश से आई आरती वर्मा ने मिमिक्री व कविता प्रस्तुत की । गीतकार रमेश कुमार बैरवा ने शिक्षा के लिए प्रेरक गीत प्रस्तुत किया ।

# भारतीय किसान संघ ने की दुग्ध उत्पादकों की बकाया बोनस राशि दिलाने की मांग

**चौमूं (हमारा वतन)।** भारतीय किसान संघ तहसील चौमूं, उपतहसील खेजरोली, गोबिंदगढ़ की संयुक्त मासिक बैठक कृषक विश्राम गृह, कृषि मंडी प्रांगण, चौमूं में प्रांत महामंत्री सांवरमल सोलेट की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

बैठक की जानकारी देते हुए जिला प्रचार प्रमुख ओमप्रकाश लांबा ने बताया कि विभिन्न गांवों से आए किसानों ने पशुपालकों के सामने चारे के संकट की समस्या रखते हुए पशुपालन करने में आई रही कठिनाइयों के बारे में बताया।

बैठक में प्रस्ताव पास कर दुग्ध उत्पादकों के बोनस की बकाया राशि जो जनवरी 2026 से बकाया है को तुरंत सरकार से पशुपालकों को दिलाने की मांग की गई। चारे की कीमते आसमान छू रही हैं इसलिए पशुपालन घाटे का सौदा हो रहा है। इस विकट स्थिति को देखते हुए चारे पर अनुदान देने की मांग की गई। खरीफ फसल में बुआई के लिए पर्याप्त डीएपी, यूरिया की सप्लाई के लिए उचित प्रबंध करने की मांग की गई। बैठक में ग्राम इकाईयों को सक्रिय बनाए रखने के लिए तहसील पदाधिकारियों, जिला पदाधिकारी व संभाग पदाधिकारी गण को विभिन्न गांवों का प्रभारी नियुक्त करके प्रतिमाह बैठके सुनिश्चित करना तय हुआ। बैठक में अपने अपने गांव में व्यापक वृक्षारोपण करने का संकल्प लिया गया।



बैठक में तहसील अध्यक्ष हनुमान सिंह नाथावत, मंत्री अजय पलसानिया, खेजरोली अध्यक्ष प्रहलाद टुंडक, मंत्री रामावतार मीणा, संभाग मंत्री जगदीश कनिनवाल, जिला उपाध्यक्ष चौथमल जाट, सहमंत्री बनवारी लाल स्वामी, महादेव घौसल्या, सहकारिता प्रमुख सीताराम शर्मा, तहसील उपाध्यक्ष ओंकार कलवानिया,घीसालाल सैनी, जलसंरक्षण प्रमुख श्रवण हरितवाल, प्रचार प्रमुख राजेन्द्र मक्की, विद्युत प्रमुख नंछू घासल, पूर्व अध्यक्ष लोकेश पारीक,चीथवाड़ी अध्यक्ष बाबूलाल ढबास, रामगोपाल शर्मा, आमेर सहमंत्री राजीव शर्मा, चौंप अध्यक्ष अभिषेक शर्मा आदि उपस्थित रहे ।

# सुर वीणा संगीत संस्था का 'आग़ाज़' कार्यक्रम संपन्न, सदाबहार गानों पर जमकर थिरके श्रोता

**जयपुर (हमारा वतन)**

सुर वीणा संगीत संस्था (रजि.) का पहला रंगारंग संगीत कार्यक्रम आग़ाज़ शनिवार की शाम जवाहर कला केंद्र के रंगायन सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आरंभ प्रसिद्ध गायिका श्वेता द्वारा गाये भजन 'मेरो कान्हा गुलाब को फूल' से हुआ। कार्यक्रम जैसे-जैसे आगे बढ़ता गया दर्शकों की भीड़ जमकर लुत्फ उठाती नज़र आई।

सुर वीणा समूह के संस्थापक तुलसीदास व नीलम हरपलानी ने देर न हो जाए कव्वाली से समा बांध दिया, साथ ही श्वेता रजनीश ने मारवाड़ी गीत पीली लूगड़ी, विकास प्रज्ञा ने भीगी भीगी रातों में, रमेश नज़कानी ने ये जो मोहब्बत है, ऋतु वर्मा ने रहे न रहे हम, योगी राजोरिया ने अलविदा, रजनीश ने भगवान शिव का भजन खेले मसाने में होरी दिगंबर, नंदिता ने ये समा, तुलसीदास ने मशहूर ग़ज़ल चांदी जैसा रंग, भानु बंसल ने लाई वी न गई जैसे गीत प्रस्तुत



किए। कार्यक्रम में विभिन्न युगों के गीतों के साथ कव्वाली, गजल, भजन व मारवाड़ी गीतों का समावेश था जिसने कार्यक्रम को एक सांस्कृतिक रंग में रंग दिया और उस पर स्कॉर्पियंस डांस ट्रूप द्वारा विभिन्न गीतों पर नृत्य प्रस्तुतियों ने इसे एक शानदार



विविधता प्रदान की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजस्थान सरकार में भूतपूर्व मंत्री और छबड़ा, ज़िला बाराँ के वर्तमान विधायक प्रताप सिंह सिंघवी, रिटायर्ड जिला जज प्रेम चंद शर्मा, एडिशनल एस पी सुनील प्रसाद शर्मा, स्नेहलता व राजेश भारद्वाज, जयपुर कल्चरल सोसाइटी की अध्यक्ष कंचन आनंद एवं सुर वीणा की मेंटर और मार्गदर्शिका वीणा मोदानी रहे। प्रिया गुलबानी, खुशबू व हरीश सैनानी, स्नेहा नज़कानी एवं शहर के सभी संगीत समूहों के संस्थापक सदस्य कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथियों में शामिल थे।




अंत में समूह के संस्थापक तुलसीदास व नीलम हरपलानी ने सभी अतिथियों, महागुरु वीणा मोदानी, आयोजक मंडल, सभी साथी कलाकारों एवं बिजलानी स्टूडियो के मालिक अनिल बिजलानी, जिन्होंने रिहर्सल एवं साउंड प्रबंधन में सहयोग किया का आभार प्रकट किया । जिनकी मेहनत से एक सफल कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मधु नायक, भावना शर्मा, सुरेंद्र शारदा, रीना बरारा, वीनू मित्तल, डॉ. आर एस माथुर, उर्मिला न्याति, स्मिता नवलखा, डॉ. के के मावर, डॉ. अशोक शर्मा, सुनील ग्रोवर, मोनिका, राजेश विजयवर्गीय, संदीप पाटनी, रुपसोना जैसे शहर के नामचीन गायक गायिकाओं ने मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। मंच संचालन प्रसिद्ध एंकर प्रणय भारद्वाज ने किया। साउंड की व्यवस्था दिनेश पाराशर ने संभाली।

टिकिट

**हमारा वतन**
खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें ।
Email- hamarawatan65@gmail.com 9214996258 7014468512

**अति आवश्यक सूचना**

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

- सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

क्या ख़ाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,
कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।

## सम्पादकीय.....

# पंजाब में कांग्रेस का भविष्य

पंजाब कांग्रेस के प्रभारी भूपेश बघेल यह विवाद सुलझाने आए हैं। लेकिन चरणजीत सिंह चन्नी ने उन्हें मिलने से ही इन्कार कर दिया। राजा वडिंग ने तो यहां तक कह दिया कि पार्टी के लिए मैं किसी के भी जूते सिर पर रखने को तैयार हूं। लेकिन उनकी समस्या है कि जिनके जूते वे सिर पर रखने को तैयार हैं, वे अब अपने जूते भी उनको देने के लिए तैयार नहीं हैं। भूपेश बघेल ने भी चन्नी को राहुल गान्धी का संदेश सुना दिया है। उनका कहना है कि किसी भी हालत में वडिंग को प्रदेश अध्यक्ष के पद से हटाया नहीं जाएगा। जाहिर है कांग्रेस के लिए आने वाले पांच छह महीने संकट के हैं। क्या चन्नी अपने साथियों सहित कांग्रेस छोड़ कर भाजपा में शामिल हो जाएंगे? क्या वे अपनी अलग क्षेत्रीय पार्टी बनाएंगे? इसका उत्तर कुछ दिनों में ही मिल जाएगा। लेकिन इतना निश्चित है कि कांग्रेस एकजुट होकर चुनाव में नहीं उतरेगी। वह खंड खंड होकर या फिर खंड खंड भाव से चुनाव मैदान में उतरेगी पंजाब में कांग्रेस का संकट गहराता जा रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी ने लगता है पार्टी के हाईकमान से बगावत ही कर दी है। चन्नी का कहना है कि पंजाब कांग्रेस के वर्तमान अध्यक्ष राजा वडिंग को हटा कर उन्हें अध्यक्ष बना दिया जाए। अध्यक्ष बनने की तमन्ना तो दर्जन भर के करीब दूसरे छोटे बड़े नेताओं में भी है, लेकिन फिलहाल वे चन्नी की छाया में छिपे रहने को तैयार हो गए लगते हैं। अलबत्ता राजा वडिंग को हटाने को लेकर अनेक नेताओं में सहमति है। इसको लेकर कांग्रेस पार्टी की हाईकमान (जिसे सुविधा के लिए राहुल गांधी पढ़ा जाए) ने तीन सदस्यों की कमेटी गठित कर दी थी। उस कमेटी ने कई दिन लम्बी लम्बी बैठकों का सिलसिला शुरू किया। पंजाब कांग्रेस के सभी नेताओं, जिनका पंजाब में कोई महत्व था, उनको भी और जिनका महत्व नहीं था उनको भी, दिल्ली बुलाया गया। उनको अलग अलग सुना गया। कांग्रेस हाईकमान मान कर चलती है यदि एक साथ सुना जाए तो यह हाईकमान के खिलाफ षड्यंत्र होता है। इतनी लम्बी कवायद के बाद हाईकमान ने फैसला सुना दिया कि पंजाब में संगठन में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा। वडिंग ही अध्यक्ष रहेंगे और प्रताप सिंह बाजवा ही विधानसभा में विपक्ष के नेता बने रहेंगे। इस फैसले से राजा वडिंग को छोड़ कर लगभग सभी नेता जो किसी तरह की भी अहमियत रखते हैं, नाराज हुए। लेकिन दो लोग सबसे ज्यादा नाराज हुए। एक चरणजीत सिंह चन्नी और दूसरे कभी उनके मंत्रिमंडल में उपमुख्यमंत्री रह चुके सुखजिन्दर सिंह रन्धावा। अब इसे संयोग ही कहना चाहिए कि राहुल गान्धी ने रन्धावा को राजस्थान में पार्टी का प्रभारी बनाया हुआ है और उनकी अहम ड्यूटी वहां अशोक गहलोत और सचिन पायलट के विरोधी गुटों में तालमेल बिठाना है। चरणजीत सिंह चन्नी ने अपना गुस्सा निकालने का परंपरागत तरीका चुना।उन्होंने मोरिंडा के अपने घर में पंजाब कांग्रेस के महत्वपूर्ण नेताओं की बैठक बुला ली। राजा वडिंग को पता चलना ही था। चन्नी ने जिन नेताओं को बुलाया था, कहा जाता है वडिंग ने उन सभी को फोन कर वहां न जाने की चेतावनी दी। जो लोग वडिंग के भाषा प्रयोगों को जानते हैं, उन्होंने अंदाजा लगाया था कि चेतावनी किस प्रकार दी गई होगी। इसलिए राजा वडिंग आश्वस्त थे कि चन्नी के घर कोई नहीं जाएगा। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। जिनको चन्नी ने बुलाया था वे तो गए ही, जिनको नहीं बुलाया था वे भी चले गए। सुखजिन्दर सिंह रन्धावा वहां नहीं थे। कुछ लोग कहते हैं उनका मन वहीं भटक रहा था। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में ही संकेत दिया कि वहां जाने-न जाने का प्रश्न नहीं है, हम सब मिल कर पार्टी को मजबूत कर रहे हैं। पार्टी को मजबूत करने की यह 'चन्नी शैली' कांग्रेस में नया चलन नहीं है। इससे पहले भी यह प्रयोग किया जा चुका है।


राम गोपाल सैनी

# सर्व ब्राह्मण महासभा महिला प्रकोष्ठ की बैठक संपन्न

**जयपुर (हमारा वतन)।** सर्व ब्राह्मण महासभा चौमूं तहसील महिला प्रकोष्ठ की बैठक प्रदेश उपाध्यक्ष आनंद मिश्रा एवं जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम शर्मा के मुख्य आतित्य एवं महिला अध्यक्ष दीपिका पारीक एवं टिंकू शर्मा की संयुक्त अध्यक्षता में शिव मंदिर इंदिरा कॉलोनी में संपन्न हुई।

जिला प्रमुख वरिष्ठ उपाध्यक्ष सोहनलाल पारीक एवं संयोजक पूजा शर्मा ने बताया की बैठक में महासभा द्वारा आगामी 30 अगस्त 2026 को आयोजित होने वाले सर्व ब्राह्मण प्रतिभा सम्मान एवं विप्र गौरव अलंकरण समारोह पर चर्चा की गई एवं आगे की रूपरेखा तैयार की गई।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम शर्मा ने कहा कि प्रतिभाए समाज की धरोहर है प्रतिभाओं के सम्मान से प्रतिभाओं का उत्साहवर्धन होता है, प्रतिभाओं का सम्मान समाज की जिम्मेदारी है।



संयोजक मुकेश शर्मा एवं मुकेश मेहता ने बताया कि समारोह में सत्र 2025-26 में कक्षा 10 एवं 12 में 80 प्रतिशत या अधिक स्नातक स्नातकोत्तर एवं समकक्ष में 70 प्रतिशत या अधिक NEET आईआईटी में चयनित, जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में पदक विजेता एवं अन्य प्रतिभाओं का अभिनंदन किया जाएगा। उपरोक्त योग्यता वाले विद्यार्थी 30 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं।

इस अवसर पर मंजीता शर्मा ,भंवर शर्मा, मास्टर श्याम शर्मा ,मालीराम शर्मा, योगेश शर्मा, मंजू पारीक, अनीता शर्मा, शायर शर्मा, संतोष शर्मा, रुक्मणी शर्मा, मीना शर्मा ,सुशीला मिश्रा, रेखा रानी शर्मा, राधा शर्मा, संतोष शर्मा सहित महासभा पदाधिकारी सदस्य उपस्थित रहे।

# ब्राह्मण महिला परिषद द्वारा लहरिया उत्सव 2026 का भव्य आयोजन 8 अगस्त को

**जयपुर (हमारा वतन)।** ब्राह्मण महिला परिषद के तत्वावधान में महिलाओं के लिए पारंपरिक संस्कृति, उत्साह एवं सामाजिक सहभागिता को समर्पित लहरिया उत्सव 2026 का आयोजन 8 अगस्त 2026 (शनिवार) को दोपहर 1 बजे से शाम 6 बजे तक अपनी ढाणी, सीकर रोड, जयपुर में किया जाएगा।

कार्यक्रम में डॉ. राकेश केदावत, निदेशक, स्टार हॉस्पिटल एवं संयोजक, स्टार सोशल ग्रुप, जयपुर की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। इस अवसर पर स्टार सोशल ग्रुप द्वारा आयोजन टीम का सम्मान भी किया जाएगा। साथ ही कार्यक्रम में प्रथम 50 एंट्री करने वाली महिलाओं को उपहार एवं पौधे भेंट किए जाएंगे।




ब्राह्मण महिला परिषद की अध्यक्ष अरुणा गौड़ ने बताया कि लहरिया उत्सव का उद्देश्य समाज की महिलाओं को एक मंच पर लाकर पारंपरिक संस्कृति, आपसी सौहार्द एवं सामाजिक एकता को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियाँ, मनोरंजक प्रतियोगिताएँ तथा आकर्षक प्रस्तुतियाँ आयोजित की जाएंगी।

उन्होंने समाज की सभी महिलाओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है। कार्यक्रम में प्रवेश टिकट द्वारा होगा।




# चौमूं में होगा प्रथम आयुर्वेद रत्न अवॉर्ड एवं युवा आयुर्वेद चिकित्सक सम्मान समारोह

**चौमूं (हमारा वतन)।** आयुर्वेद चिकित्सा संभाषक परिषद के तत्वावधान एवं सर्व सिद्ध आयुर्वेदा, चौमूं के सौजन्य से आयुर्वेद के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाएं देने वाले चिकित्सकों के सम्मान हेतु आगामी रविवार, 30 अगस्त 2026 को प्रातः 11 बजे से चौमूं में भव्य आयुर्वेद रत्न अवॉर्ड एवं युवा आयुर्वेद चिकित्सक सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर विशाल मेगा आयुर्वेद चिकित्सा शिविर भी आयोजित होगा। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए सर्व सिद्ध आयुर्वेदा, चौमूं के निदेशक वैद्य सत्य प्रकाश पारीक राजभाषी ने बताया कि आयुर्वेद की सेवा में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने वाले वरिष्ठ सेवानिवृत्त आयुर्वेदाचार्यों में से चयनित पांच आयुर्वेदाचार्यों को आयुर्वेद रत्न अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा। साथ ही युवा पीढ़ी के उन आयुर्वेद चिकित्सकों का भी सम्मान किया जाएगा, जिन्होंने आयुर्वेद को अपना कर्मक्षेत्र बनाकर समाज स्वास्थ्य सेवा में उल्लेखनीय योगदान दिया है। कार्यक्रम में आयुर्वेद विशेषज्ञों द्वारा स्वास्थ्य संबंधी मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा तथा मेगा आयुर्वेद चिकित्सा शिविर में विभिन्न रोगों से संबंधित परामर्श एवं चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। समारोह का आयोजन 30 अगस्त 2026 को प्रातः 11 बजे से चौमूं में किया जाएगा। कार्यक्रम में आयुर्वेद चिकित्सकों, समाजसेवियों एवं स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े गणमान्य व्यक्तियों की सहभागिता रहेगी।




RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
उप सम्पादकः सुरेन्द्र कुमार सैनी
E mail-hamarawatan65@gmail.com
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र चौमूं शहर होगा।